देश में सर्वाधिक बिजली कनेक्शन वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश

चर्चा में क्यों?

27 जनवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम. देवराज ने बताया कि महज़ आठ साल में 47 करोड़ नए बिजली कनेक्शन देने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक विद्युत उपभोक्ताओं वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र और तीसरे नंबर पर तमिलनाडु हैं।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि उत्तर प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 74 करोड़, महाराष्ट्र में करीब 2.40 करोड़ और तमिलनाडु में करीब 2.20 करोड़ है। महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कुल उपभोक्ताओं की संख्या करीब तीन करोड़ बताई जा रही है जो कि उत्तर प्रदेश से 23 से 25 लाख कम है।
- पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम. देवराज ने बताया कि बीते आठ साल में प्रदेश के 8 करोड़ से अधिक परिवार ढिबरी और लालटेन युग से बाहर निकल आए हैं। इस अवधि में प्रदेश में बिजली के नए कनेक्शन का रिकॉर्ड भी बना है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2014 तक राज्य में कुल करीब 42 करोड़ उपभोक्ता थे, वहीं वर्ष 2014 से नवंबर 2022 के बीच राज्य में 1.8 करोड़ नए उपभोक्ताओं के घरों में बिजली पहुँची। बिजली के साथ ही इन परिवारों में पंखा, कूलर, एसी, फ्रिज, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी पहुँच गए।
- एम. देवराज ने बताया कि राज्य के लोगों के रहन-सहन में सुधार को ऐसे भी समझा जा सकता है कि वर्ष 2014 में बिजली की अधिकतम मांग 12327 मेगावाट रिकॉर्ड की गई थी, जो 2022 में 26589 मेगावाट पहुँच गई। बिजली के कनेक्शन दोगुने से अधिक हुए तो खपत भी उसी गति से बढ़ गई।
- प्रदेश सरकार ने हर घर को बिजली कनेक्शन देने का अभियान शुरू किया हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप 2017 से अब तक एक करोड़ 47 लाख 90 हज़ार नए कनेक्शन दिये जा चुके हैं। इसमें बड़ी भूमिका 'सौभाग्य योजना' के तहत कनेक्शन देने की रही।
- उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन ने बताया कि वर्ष 2017 से 2021 के बीच 'सौभाग्य योजना' के तहत प्रदेश में 18 लाख कनेक्शन दिये गए थे। इस योजना में अधिक कनेक्शन देने पर भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश को पुरस्कृत भी किया था।
- उन्होंने बताया कि प्रदेश में 'रिवैम्पड योजना' के तहत बिजली व्यवस्था को और बेहतर किया जा रहा है। बिजली उत्पादन से लेकर वितरण तक कई योजनाओं पर काम शुरू किया गया है। आने वाले दिनों में प्रदेश के हर उपभोक्ता को निर्बाध बिजली मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-became-the-state-with-maximum-electricity-connections-in-the-country